कलेक्टर, एस.पी. पहुंचे महाआरती... पृष्ठ 2 | सादा जीवन व उच्च विचार के ... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शनिवार, 12 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 04, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## समस्याओं का समाधान 'युद्ध' नहीं : नरेन्द्र मोदी

**विएंतियाने।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया में संघर्षों का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं बल्कि संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करके किया जा सकता है। पीएम मोदी ने यह बात 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) के अपने संबोधन में कही। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, ग्लोबल साउथ के देश, दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे संघर्षों का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव झेल रहे हैं। हर कोई जल्द से जल्द शांति और स्थिरता की बहाली चाहता है, चाहे वह यूरेशिया हो या पश्चिम एशिया।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी पहले ऐसे नेता हैं जिन्हें मेजबान और इनकमिग चेयर के बाद पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को संबोधित करने के लिए कहा गया। आसियान में भारत की भूमिका और महत्व को मान्यता देते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया। वे वहां मौजूद एकमात्र ऐसे नेता थे, जिन्होंने सबसे अधिक संख्या में ईएएस (19 में से नौ) में भाग लिया था। टाइफून यागी के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हमने ऑपरेशन सद्भाव के माध्यम से मानवीय मदद प्रदान की। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि दक्षिण चीन सागर की शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हित में है। समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) के तहत समुद्री गतिविधियों की वकालत करते हुए उन्होंने एक मजबूत और प्रभावी आचार संहिता का सुझाव दिया जो क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर प्रतिबंध नहीं लगाए। म्यांमार की स्थिति पर उन्होंने कहा कि भारत म्यांमार की स्थिति के प्रति आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन करता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक पड़ोसी देश के रूप में, हम अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करना जारी रखेंगे।



उन्होंने लोकतंत्र को बहाल करने के लिए मानवीय सहायता और उचित कदम उठाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा, हमारा मानना ??है कि इसके लिए म्यांमार को शामिल किया जाना चाहिए, अलग-थलग नहीं किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने साइबर, समुद्र और अंतरिक्ष के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने की भी मांग की। पीएम मोदी ने सम्मेलन में शामिल देशों को नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की जानकारी दी। साथ ही इन देशों को जून में नालंदा में आयोजित होने वाले उच्च शिक्षा प्रमुखों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। अगला पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन मलेशिया में आयोजित किया जाएगा।

## नोएल टाटा नियुक्त हुए टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन



**मुंबई।** रतन टाटा के निधन के बाद उनका उत्तराधिकारी चुनने के लिए टाटा ट्रस्ट की बोर्ड बैठक हुई, जिसमें नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरमैन बनाया गया है। बता दें कि टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा का 9 अक्टूबर को देर रात निधन हो गया था। मुंबई में हुई टाटा ट्रस्ट के बोर्ड की बैठक में नया चेयरमैन चुना गया है। ट्रस्ट का चेयरमैन नियुक्त करने के लिए ट्रस्ट डीड में स्पष्ट गाइडलाइंस हैं और उसके जरिए ही यह फैसला लिया गया। बता दें कि इस समय नोएल टाटा मौजूदा समय में टाटा ग्रुप की कंपनियों टाटा स्टील और टाइटन में वाइस-चेयरमैन के पद पर भी तैनात हैं। इस साल की शुरुआत में नोएल टाटा के तीन बच्चों - लिआ, माया और नेविल - को सर रतन टाटा ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट से जुड़े कई ट्रस्टों में ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया गया था। लिआ वर्तमान में द इंडियन होटल्स में उपाध्यक्ष हैं जबकि माया टाटा कैपिटल से जुड़ी हैं। नेविल ट्रेंट और स्टार बाजार की लीडरशीप टीम में शामिल हैं। टाटा ट्रस्ट एक प्रमुख निकाय है जो सभी 14 टाटा ट्रस्टों के कार्यों का प्रबंधन करता है। टाटा ट्रस्ट के पास टाटा संस की 65.3 प्रतिशत हिस्सेदारी है और यह भारत के सबसे बड़े कारोबारी समूह को मार्गदर्शन देने का काम करता है। टाटा संस का स्वामित्व बड़े पैमाने पर टाटा ट्रस्ट के तहत आने वाले दो प्रमुख ट्रस्टों - सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के पास है, जिनके पास कुल मिलाकर टाटा संस में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हैं।

## मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री साय ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि विजया दशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। यह हमें सत्य के मार्ग पर चलने का साहस देता है, हमें विश्वास दिलाता है कि सत्य के मार्ग में कितनी भी परेशानियां और कठिनाईयां क्यों न हो, विजय सदा सत्य की होती है। मुख्यमंत्री ने कामना की है कि विजयादशमी का पावन पर्व सभी के जीवन में नकारात्मकता और कठिनाइयों का अंत करने के साथ सुख,समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।





**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भेंट कर नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## केंद्रीय राज्य मंत्री, उप मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री ने 125 कन्याओं को कराया कन्या भोज

### मां देवी के रूप में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख शांति और समृद्धि के लिए की कामना



**रायपुर।** शारदीय नवरात्र में आज अष्टमी-नवमी के दिन जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में आयोजित आवास मेले अंतर्गत कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव और जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने 125 कुंवारी कन्याओं को भोज कराया। उन्होंने सभी कन्याओं को अपने हाथों से खीर पूड़ी, हलवा सहित विभिन्न प्रकार का मिष्ठान्न परोसा और उपहार भेंट किया। साथ ही कन्याओं की मां देवी के रूप में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बता दें कि शारदीय नवरात्र में नौ दिनों तक जिस तरह से माता दुर्गा की आवभगत और पूजा-अर्चना की जाती है। उसी तरह से नवरात्रि में सप्तमी तिथि से कन्या पूजन का दौर शुरू हो जाता है। अष्टमी और नवमी तिथि पर कुंवारी कन्याओं को नौ देवी का रूप मानकर उनका स्वागत सत्कार किया जाता है। नवरात्र में कुंवारी कन्याओं के भोजन कराने से पुण्य और कल्याण की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर मुंगेली विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर श्री राहुल देव, पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल, वन मंडलाधिकारी श्री संजय यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभाकर पाण्डेय सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## अवकाश सूचना



**शुभकामनाएं**

दैनिक नांदगांव टाइम्स की ओर से सभी पाठकों, संवाददाताओं एवं विज्ञापनदाताओं को अक्टूबर दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई - प्रबंध संपादक

**सूचना**


दशहरा पर्व के शुभ अवसर पर नांदगांव टाइम्स के कार्यालय में 12 अक्टूबर 2024 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 14 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित होगा। -प्रबंध संपादक

## थाना चिल्पी पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

### 03 व्यक्तियों से नगद 2 करोड़ 27 लाख 50 हजार रू. एवं एक मारुती एस कास कार जप्त


**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री दीपक कुमार झों के निर्देशन एवं कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा अति. पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल एवं उप पुलिस अधीक्षक नक्सल चिल्पी श्री सतीश धुर्वे के दिशा-निर्देश में बार्डर पर अवैध तस्करों एवं अन्य अपराधिक गतिविधीयों पर लगातारप्रभावी कार्यवाही करने निर्देषित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी श्री उमाशंकर राठौर के कुशल नेतृत्व में धाना चिल्पी टीम द्वारा आबकारी चेकपोस्ट के पास संदिग्ध वाहनों का लगातार सघन चेकिंग किया जा रहा है आज दिनाक-11/10/2024 को चेकिंग के दौरान प्रातः करीबन 09:30 बजे मण्डला तरफसे एक नीला रंग का मारुजि एस कास कार क्रमांक एमपी-51, सीए-9891 आया जिसे रोका गया उसमें 03 लोग बैठे थे जिनका नाम पता पुछने परअपना नाम- 01. गगन जैन पिता स्व. गिरीश जैन उम्र 33 साल सा. वार्ड-08 श्रीराम वार्ड मण्डला जिला-मण्डला म.प्र. 02. अमन जैन पिता स्व. गिरीश जैन उम्र 30 साल सा. वार्ड-08 श्रीराम वार्ड मण्डला जिला-मण्डला म.प्र., 03. नवीन ठाकुर पिता ताराचंद्र ठाकुर उम्र-25 साल सा. हेजा नगर थाना महराजपुर जिला-मण्डला म.प्र., बताये वाहन को चेक करने पर पीछे कार की डिग्गी में अलग-अलग थैलियों में 500-500 सौ रूपये के गड्डी भारी मात्रा में नगदी रकम मिला। उक्त वाहन क्रमांक एमपी-51, सीए-9891 एवं वाहन में बैठे 03 व्यक्तियों को थाना परिसर लाकर उक्त वाहन में रखे नोटों से भरे थैलियों को निकालकर नोट गिनने वाले मशीन मंगवाकर नोटों का गिनती किया गया। गिनती करने पर 500-500 सी रूपये के 455 गड्डीयों प्रत्येक गड्डी में 500 रू. के 100 नग नोट प्रत्येक गड्डी में 50 हजार रू. की राशि है जुमला नोट की संख्या 45500 हजार नग नोट जुमला राशि कुल 2,27,50000/ रूपये (अक्षरी दो करोड़ सत्ताईस लाख पचास हजार रूपये) एवं एस काम कार क्रमांक एमपी-51, सीए-9891 कीमती 400000 रू. कुल जुमला 2,31,50000 रू.को जप्त किया गया संदेहियो से उक्त रकम के संबंध में पुछताछ करने पर रायपुर में प्रापर्टी खरीदने के नाम पर लेजाना बताये एवं जप्त रकम के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही करसके। जिस पर थाना चिल्पी में उचित वैधानिक कार्यवाही किया गया है। एवं अग्रीम कार्यवाही हेतु आयकर विभाग को सूचना दिया गया है। उक्त प्रकरण में चिल्पी थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर हमराह उप निरी. राजेश्वर सिंह ठाकुर, आर. क्रमांक जितेन्द्र चंद्रवंशी, अमन वाहने, आशु तिवारी, पंकज यादव, संतोष साहू, अजय चंद्रवंशी, पप्पु पनागर, सुभाष चंद्र सोनकर का सरायहनीय योगदान रहा है।





## चांदी का दरवाजा मां बम्लेश्वरी देवी को समर्पित

### एकम को रजत पात्र भी किया गया था समर्पित



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर में 150 किलो चांदी से निर्मित दरवाजे को कालरात्रि अभिषेक के पूर्व माताजी के दरबार में समर्पित किया गया। इस दरवाजे को नासिक महाराष्ट्र के ठेकेदार द्वारा राजस्थान के 5 कारीगरों के सहयोग से 15 दिनों में निर्मित किया गया है। इस दरवाजे में अभी और कार्य किया जाना शेष है। दरवाजे के पूर्ण होने पर अनुमानित लागत लगभग 1.50 करोड़ रुपए आकलन किया जा रहा है। वहीं क्वांर नवरात्र के प्रथम दिवस को 15 लाख रूपए लागत से निर्मित 15 किलो चांदी की 8 थाल 12 कटोरी 4 प्लेट 2 गिलास 2 चम्मच और 1 गौ मुख वाला आचमनी श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मंदिरों में भोग प्रसाद एवं भक्तों द्वारा प्रसाद चढ़ाने हेतु अर्पित किया गया है। उक्त सभी कार्य भक्तों द्वारा समय समय पर माताजी को भेंट दिये गये चांदी के आभूषणों का उपयोग कर निर्मित किए गए हैं।

## पीएम मोदी की ओर से भेंट किया गया सोने का मुकुट बांग्लादेश के श्री श्री जेशोरेश्वरी मंदिर से चोरी



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के श्री श्री जेशोरेश्वरी मंदिर में देवी काली का सोने का मुकुट चोरी होने का मामला सामने आा है। बता दें कि यह मुकुट, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उपहार में दिया गया था। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे इस घटना का पता चला। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में एक युवक दोपहर 2:49 बजे मंदिर में प्रवेश करता हुआ दिखाई दे रहा है। वह मूर्ति के पीछे खड़ा होता है और कुछ ही पलों में मुकुट को अपनी टी-शर्ट के नीचे छिपा लेता है। जींस और सफेद टी-शर्ट पहने हुए इस व्यक्ति ने मुकुट लेने से पहले इधर-उधर देखा, हालांकि इस दौरान वह शांत और संयमित नजर आया। दोपहर करीब 2:30 बजे मंदिर की देखभाल की जिम्मेदारी संभाल रही रेखा रानी ने पूजा के लिए इस्तेमाल की जाने वाली थालियां और गिलास को साफ करने के लिए, प्रवेश द्वार का ताला खोला। कुछ सामान पास के भवन में रखने के बाद जब वह बाकी सामान लाने के लिए मंदिर लौटी तो देखा कि मूर्ति के सिर से मुकुट गायब था। उसने तुरंत सभी को घटना की जानकारी दी।

## सच्ची खुशी दूसरों की सेवा में है - रतन टाटा

**(एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का अंश)**

**अरविन्द तिवारी**

**मुम्बई (नांदगांव टाइम्स)।** एक बार टेलीफोन साक्षात्कार में भारतीय अरबपति रतन टाटा से पत्रकार ने पूछा - महोदय , आपको जीवन में सबसे अधिक खुशी कब मिली ? तब उन्होंने एक मार्मिक जवाब देते हुये कहा कि मैंने अपने जीवन के चार चरणों में खुशी की तलाश की थी और अंततः मुझे सच्चे सुख का अर्थ समझ में आया। उन्होंने बताया कि उनका पहला चरण धन और साधन संचय करने का था , यह सब तो मिल गया लेकिन इस दौरान मुझे वह खुशी नहीं मिली - जिसकी मुझे उम्मीद थी। फिर दूसरा चरण आया जब मैंने कीमती सामान और वस्त्रों को इकट्ठा करना शुरू किया। मुझे जल्द ही यह एहसास हुआ कि इस सुख का प्रभाव भी अस्थायी है क्योंकि इन वस्तुओं की चमक ज्यादा देर तक नहीं रहती , यानि इससे भी वह खुशी नही मिली जिसकी मुझे उम्मीद थी। तीसरा चरण तब आया जब मैंने बड़े-बड़े प्रोजेक्ट हासिल किये , उस समय मेरे पास भारत और अफ्रीका में डीजल की आपूर्ति का 95 प्रतिशत हिस्सा था और मैं भारत के साथ - साथ एशिया में सबसे बड़े इस्पात कारखाने का मालिक था। लेकिन फिर भी मुझे वह खुशी नहीं मिली , जिसकी मैंने कल्पना की थी। फिर अंत में चौथा और निर्णायक चरण आया , जिसने मेरे जीवन की दिशा ही बदल दी। मेरे एक मित्र ने मुझे लगभग दो सौ विकलांग बच्चों के लिये व्हीलचेयर खरीदने के लिये कहा। मैंने अपने दोस्त के अनुरोध पर तुरन्त व्हीलचेयर खरीदी , लेकिन मेरे मित्र ने आग्रह किया कि मैं उनके साथ जाकर खुद उन बच्चों को व्हीलचेयर भेंट करूं। मित्र के विशेष आग्रह पर मैंने बच्चों को अपनी हाथों से व्हीलचेयर दी। व्हीलचेयर पाकर बच्चों की आंखों में जो खुशी की चमक देखी , वह मेरे जीवन में एक नया एहसास लेकर आई। उन बच्चों को व्हीलचेयर पर घूमते और मस्ती करते देखना ऐसा था , मानो वे किसी पिकनिक स्पॉट पर हों और किसी बड़े उपहार का आनंद ले रहे हों। इसके बाद रतन टाटा ने अपने जीवन बदल देने वाले पल के बारे में बताते हुये कहा कि बच्चों को व्हीलचेयर बांटने के बाद जब मैं वापस अपने घर जाने की तैयारी कर रहा था , तभी एक बच्चे ने मेरी टांग पकड़ ली। मैंने धीरे से अपने पैर छुड़ाने की कोशिश की , लेकिन उसने और जोर से पकड़ लिया। तब मैं झुककर उससे पूछा - क्या तुम्हें कुछ और चाहिये ? उस बच्चे का जवाब ही मेरा जीवन बदलने वाला था। उसने दोनो हाथ जोड़कर कहा - मैं आपका चेहरा याद रखना चाहता हूं ताकि जब मैं आपसे स्वर्ग में मिलूं , तो आपको पहचान सकूं और एक बार फिर आपका धन्यवाद कर सकूं। आगे रतन टाटा ने अपने रूंधे गले से सिसकी भरी आवाज में बताया कि बच्चे के इस एक वाक्य ने ना केवल रतन टाटा को झकझोर दिया , बल्कि उनके जीवन के प्रति दृष्टिकोण को पूरी तरह से बदल दिया। यह अनुभव उन्हें समझा गया कि सच्ची खुशी दूसरों की सेवा में है , ना कि भौतिक संपत्तियों में। इस पत्रकार वार्ता की बातों को हूबहू साझा करके मैं पाठकों से कहना चाहूंगा अगर हम जीवन में ये सोचकर काम करें कि जब हम इस संसार को छोड़ेंगे , तो हमें किसलिये याद किया जायेगा ? क्या हमारा जीवन किसी के लिये इतना महत्वपूर्ण होगा कि वह हमें फिर से देखना चाहे ? अगर ऐसा हुआ तो हम सभी के जीवन जीने का तरीक़ा ही बदल जायेगा। ज़रूरी नहीं कि ऐसा कुछ करके हम सभी रतन टाटा बन जायेंगे लेकिन जब इस दुनियाँ को हम टाटा करेंगे तो आपके आसपास की दुनियां को यह जरूर लगेगा कि आज एक और रत्न हमारे बीच से चला गया।



## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में भारतीय तटरक्षक बल के किस जहाज को सेवामुक्त कर दिया गया है?*
*2) झारखण्ड में जौ का सर्वाधिक उत्पादन कहाँ होता है?*
*3) वेदों का संकलनकर्ता किसे माना जाता है?*
*4) किस राज्य के मेडचल मलकजगिरी जिले के बाहरी इलाके में एक पूर्ण वृत्त के रूप में 3000 साल पुराना जियोग्लिफ खोजा गया है?*
*5) कौन सा देश अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का नया सदस्य बन गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**

INTERNATIONAL SOLAR ALLIANCE

## उत्तर माला

(1) संग्राम (2) पलामू (3) महर्षि कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास (4) तेलंगाना (5) चिली

# असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है दशहरा



**अरविन्द तिवारी**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दशहरा हिंदुओं का एक प्रमुख एवं राष्ट्रीय पर्व है जिसे आश्विन (क्वांर) मास के शुक्ल पक्ष की दशमीं तिथि को देश भर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि हर साल नवरात्रि पर्व के समापन के साथ ही असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में दशहरा पर्व मनाया जाता है , इसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है। भगवान श्रीराम ने आज ही के दिन रावण का वध किया था तथा दस दिन के युद्ध के बाद देवी दुर्गा ने महिषासुर पर विजय प्राप्त किया था , इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। दशहरा का पर्व हमें अच्छाई की जीति आशा के साथ नेक कार्यों में भरोसा करना सिखाता है। आज के दिन असत्य पर सत्य की जीत होने की वजह से सभी लोगों को यह प्रण लेना चाहिये कि वह अपने मन की बुराइयों को मारेंगे। दशहरा के दिन कई लोग अपने घरों में पूजन करते हैं। आज के दिन जगह-जगह मेला लगता है , रामलीला का आयोजन होता है जिसमें भगवान राम की वीरगाथा दिखायी जाती है और रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। दशहरा या विजयादशमी सर्वसिद्धिदायक तिथि मानी जाती है , इसलिये इस दिन विवाह संस्कार को छोंड़कर सभी शुभ कार्य फलकारी माने जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार दशहरा के दिन बच्चों का अक्षर लेखन , घर या दुकान का निर्माण , गृह प्रवेश , मुंडन , नामकरण , अन्नप्राशन , कर्ण छेदन , यज्ञोपवीत संस्कार और भूमि पूजन आदि कार्य शुभ माने गये हैं। विजयादशमी के दिन लोग अस्त्र शस्त्रों का भी पूजन करते हैं। इस दिन अपराजिता देवी एवं शमी वृक्ष के पूजन का भी विशेष महत्व है। विजयादशमी के दिन प्रदोषकाल में शमी वृक्ष के समीप दीपक जलाकर उसे प्रणाम करें। पूजन के उपरांत हाथ जोड़कर निम्न प्रार्थना करें -

शमी शम्यते पापम् शमी शत्रुविनाशिनी।
अर्जुनस्य धनुर्धारी रामस्य प्रियदर्शिनी।।
करिष्यमाणयात्राया यथाकालम् सुखम् मया।
तत्रनिर्विघ्नकर्त्रीत्वं भव श्रीरामपूजिता।।ज

रावण दहन के पश्चात घर आने पर सभी की आरती उतारकर स्वागत एवं भेंट किया जाता है। इसके साथ ही गाँव और पड़ोस में शमी पत्ता बांट कर बड़ों से हर कार्य में विजयश्री का आशीर्वाद भी लिया जाता है। आज के दिन नया काम शुरू करने की भी मान्यता है। कहा जाता है कि आज के दिन शुरू किये गये किसी भी काम में विजय यानि सफलता निश्चित रूप से मिलती है। अगर आपके परिवार में अस्त्र-शस्त्रों की पूजा की जाती है तो एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर सभी शस्त्र उस पर रखें। फिर गंगाजल छिड़क कर पुष्प अर्पित करें। साथ ही यह प्रार्थना करें कि संकट पड़ने पर यह आपकी रक्षा करें। इस दिन भगवान श्रीराम की उपासना करने का बहुत अधिक महत्व होता है। एक चौकी पर पीला कपड़ा बिछाकर भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित करें। फिर धूप , दीप और अगरबत्ती जलाकर भगवान श्रीराम की उपासना करें और अंत में आरती करें।

**नीलकंठ का दर्शन होता है शुभ**

नीलकंठ पक्षी को भगवान शिव का प्रतिनिधि माना गया है। रावण पर विजय पाने की अभिलाषा में भगवान श्रीराम ने पहले नीलकंठ पक्षी के दर्शन किये थे इसलिये आज के दिन नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ जाता है। इस दिन नीलकंठ के दर्शन और भगवान शिव से शुभफल की कामना करने से जीवन में भाग्योदय , धन-धान्य एवं सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है और इसी के साथ दीपावली की तैयारी भी शुरू हो जाती है।

## राष्ट्रीय सीनियर भारोत्तोलन स्पर्धा में राजनांदगाँव की कु. ज्ञानेश्वरी यादव को मिला गोल्ड मेडल



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिमाचल प्रदेश (नगरोटा बगवां कांगड़ा) खेलो इंडिया अकादमी नगरोटा बगवां में चल रही महिला पुरूष की राष्ट्रीय भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) चैम्पियनशीप स्पर्धा सब, जूनियर और सीनियर केटेगिरी में छत्तीसगढ़ राजनांदगाँव जिला जय भावानी व्यायाम शाला की वेट लिफ्टर इंडिया कैम्प पटियाला के अभ्यासरत् छत्तीसगढ़ प्रदेश से प्रतिनिधित्व करते हुए कु. ज्ञानेश्वरी यादव 49 कि.ग्रा. वर्ग समूह में सबको पीछे छोड़ स्वर्ण पदक पर अपना नाम की । प्रतियोगिता के संबंध में जिला भारोत्तोलन संघ व जय भावानी व्यायाम शाला के अध्यक्ष अमीत अजमानी जी ने बताया कि, ज्ञानेश्वरी यादव 186 कि.ग्रा. वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता उन्होंनें स्नैच 82 कि.ग्रा. और क्लीन जर्क 104 कि.ग्रा. कुल वजन 186 कि.ग्रा. भार उठाई और गोल्ड मेडल पर कब्जा की, आजमानी जी ने बताया कि इससे पहले ज्ञानेश्वरी यादव वर्ष 2023 में हुये कॉमन वेल्थ गेम्स में ज्ञानेश्वरी यादव ने 176 कि.ग्रा. भार उठाकर स्वर्ण पदक जीती थी । कु. ज्ञानेश्वरी यादव के स्वर्ण पदक जीतने पर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जिला भारोत्तोलन संघ के संरक्षक अजय श्रीवास्तव, डोमन मोहबिया, नीलू शर्मा, जीतू मुदलियार अध्यक्ष अमीत आजमानी, सहसचिव नीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष बसंत मेगी, विवेक रंजन सोनी, उपाध्यक्ष, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, चोवाराम सोनकर, आकाश सोनी, सहसचिव नाहिद अख्तर, रितेश घरड़े, अभिषेक आजमानी, तामेश्वर बंजारे, प्रेम कापसे, जय पटेल, नारायण लोहार, संघ व व्यायाम शाला के वरिष्ठ पदाधिकारी सदस्य दाऊद खान, जग्गु ठाकुर, रामा यादव, जय कुलदीप, नितिन शर्मा, नोमेन्द्र यादव, मनीष तिवारी, दिनेश राजपूत, सुखराम मेश्राम, गोलू यादव, गौकरण सोनकर, श्रीमती कोमल गुप्ता, श्रीमती सरला साहू, वैभव देवांगन, अरूण गुप्ता, रविन्द्र सुधाकार, आदि सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामना प्रेषित किये है ।

## सादा जीवन व उच्च विचार के धनी कृष्णा टाकीज वाले नत्थुलाल शर्मा नहीं रहे

### सिनेमा लाईन व गौड ब्राह्मण समाज में शोक की लहर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज के जाने-माने चेहरे,राजनांदगांव के प्रतिष्ठित व लोकप्रिय व्यक्तित्व के धनी एवं राजनांदगांव गौड़ ब्राह्मण समाज के भूतपूर्व अध्यक्ष तथा कृष्ण टॉकीज के प्रबंधक नत्थूलाल जी शर्मा का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 76 वर्ष के थे और अपने पीछे पुत्र राजेश शर्मा (राजू) सहित भरापूरा परिवार छोड गए है। उनका पूरा जीवन उच्च विचारों,आदर्शों के साथ सादगी भरा रहा और अपनी इसी सादगी के चलते वे लोगों के काफी चेहते थे। उनके निधन के समाचार से पूरी सिनेमा लाइन तथा ब्राह्मण समाज में शोक की लहर दौड गई और समाज के वरिष्ठजन कचरु प्रसाद शर्मा,हनुमानप्रसाद शर्मा,दशरथ शर्मा,महेश शर्मा आदि सहित उनके अनेक इष्टजन उनके बल्देव बाग स्थित निवास उनके परिजनों को धैर्य बंधाने पहुंचने लगे। स्थानीय लखोली स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हेतु उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 2 बजे उनके बल्देव बाग स्थित निवास से निकाली गई जिसमें भारी संख्या में उनके इष्टजन तथा सामाजिक लोग शामिल हुए। मुक्तिधाम में शोक सभा को संबोधित करते हुए विप्र फाउण्डेशन के अध्यक्ष कचरुप्रसाद शर्मा ने इसे व्यक्तिगत् क्षति बताते हुए कहा कि नत्थुलाल जी शर्मा की बातों का एवं सुझावों का प्रदेश स्तर तक प्रभाव होता था। समाज को उनका हमेशा बहुमूल्य योगदान रहा है। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होने प्रदेश विप्र फाउण्डेशन की तरफ से शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। राजनांदगांव डेंटल कालेज के चेयरमेन नेमीचंद पारख ने कहा कि स्वर्गीय नत्थुलाल जी शर्मा गुणो की खान थे। सादगी,सरलता व सबके प्रति समान आदर भाव रखना उनकी विशेषता थी और यही उनकी लोकप्रियता का कारण रहा। श्री पारख ने ईश्वर से शोकसंतप्त परिवार को पूरे डेंटल कालेज परिवार की ओर से धैर्य बंधाते हुए ईश्वर से उन्हे इस विकट दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की। शोक सभा में दुर्ग से आए विप्र के प्रादेशिक पदाधिकारी संजय शर्मा,स्थानीय केमिस्ट एशो के अध्यक्ष तथा मारवाडी गौड समाजके पूर्व अध्यक्ष दशरथ शर्मा,वर्तमान अध्यक्ष विजय पटाक,स्थानीय विप्र फाउण्डेशन के एडवोकेट राजकुमार शर्मा व वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम तिवारी ने भी स्वर्गीय नत्थुलाल जी के व्यक्तित्व को याद करते हुए उनकी आत्मा की सद्गति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। अंत में सभी उपस्थितजनों ने मौन धारण करते हुए दिवंगत् आत्मा को सद्गति प्रदान करने हैतु ईश्वर से सामुहिक रुप से प्रार्थना की।

## शिक्षाविद डॉ. हेमलता मोहबे नहीं रहीं


**= केमिस्ट्री में कइयों को कराई थीं डॉक्टरेट...**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर सहित जिले में केमिस्ट्री जैसे विषय पर महारत हासिल डॉ. हेमलता मोहबे आज रात लगभग 9.15 बजे इस दुनिया में नहीं रहीं । कार्डियक अरेस्ट की वजह से आज संस्कारधानी ने एक महान शिक्षाविद को खो दिया । उनके असामयिक निधन की खबर सुन उनके अनन्य शिष्यों सहित नगर के गणमान्य नागरिक उनके बल्देव बाग स्थिति निवास में उमड़ पड़े । वे नगर के जाने माने एम डी डॉक्टर रमेश मोहबे एवं चंद्र शेखर मोहबे ( मुन्ना भैया )की बहन थीं। संस्कारधानी नगरी में आज एक बड़ी शिक्षाविद के चले जाने से शोक का वातावरण निर्मित हो गया । जानी - मानी केमिस्ट्री की विशेषज्ञ और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय , विज्ञान महाविद्यालय रायपुर की पूर्व प्राचार्य डॉ . हेमलता मोहबे ने अपने जीवनकाल में शिक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन किया । महाविद्यालय में अध्यापन कार्य के साथ ही उन्होंने हजारों छात्र - छात्राओं का कुशलता पूर्वक मार्गदर्शन करते हुए उन्हें शिक्षा जगत में सेवा करने हेतु प्रेरणा प्रदान की । दिवंगत डॉ. मोहबे ने आजीवन अध्ययन - अध्यापन से सतत संबंध रखते हुए दर्जनों विद्यार्थियों को रसायन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि दिलाने में मेंटर की भूमिका का भी निर्वहन किया । आज अचानक चले जाने से राजनांदगांव नगर स्तब्ध है । दिवंगत मोहबे मैडम ने अपने पीछे भाई डॉ .रमेश मोहबे, डॉ .चंद्रशेखर मोहबे , राजेश मोहबे , डॉ. उषा , डॉ .संध्या ,बहन डॉ.मीना , भतीजे डॉ. सौरभ , डॉ. अभिनव , भतीजी डॉ. सुरभि , डॉ. समष्टि एवं सृष्टि का भरा - पूरा परिवार छोड़ गईं । उनकी देवलोक गमन यात्रा कल 12 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 2. 30 बजे लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी ।

## निधन

**धांधूराम नायक**



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गायत्री परिवार के कर्मठ कार्यकर्ता, वरिष्ठ परिजन तथा साधक समीपस्थ ग्राम मुचेदण्ड निवासी धांधूराम नायक का आज सुबह हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार आज ग्राम के मुक्तिधाम में अपरान्ह 3 बजे संपन्न हुआ। वे अपने पीछे पत्नि, दो पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनके अंतिम संस्कार में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा, प्रभात साहू, अजय गुप्ता, हरीश गांधी, बालकृष्ण सिन्हा, होरीलाल साहू, सुरेश यादव, सुरेश पटेल, ढालसिंह साहू, हरीश चौहान सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता, परिजन तथा ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावांजलि दी गई।

## हाथ में झाड़ू लेकर चिखली पहुंचे पार्षद राजेश गुप्ता महापौर के वार्ड में चलाया सफाई जागरूकता अभियान



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** इंदिरा नगर वार्ड नंबर 41 के पार्षद एवं पूर्व महापौर परिषद के विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के चेयरमेन, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एससी/एसटी विभाग, कांग्रेस लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के बिंद्रा नवागढ़ एवं डोंगरगढ़ प्रभारी राजेश गुप्ता चंपू इन दिनों अपने द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के कार्यो के चलते चर्चा में है।क्षेत्रीय पार्षद राजेश गुप्ता चंपू साफ-सफाई को लेकर इतना संवेदनशील है कि वे हाथ में झाड़ू लेकर स्वयं के वार्ड की सफाई कर रहे हैं।उसके अलावा वे शहर के अन्य वार्डो में भी लोगों के बीच पहुंचकर स्वंय की द्वारा गठित स्वच्छता टीम के माध्यम से सफाई व्यवस्था संभाले हुए हैं और इसी क्रम में दिनांक 10 /10/2024 दिन गुरुवार को नवरात्रि के महाअष्टमी तिथि के पावन पर्व को पार्षद राजेश गुप्ता चंपू का स्वच्छता ही सेवा अभियान की टीम महापौर के वार्ड चिखली वार्ड पहुंचकर चांदनी चौक पर स्थित नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति ,सरस्वती उत्सव समिति प्यारेलाल चौक ,श्री शीतला माता मंदिर ,मां शारदा पूजा उत्सव समिति ठाकुर देव चौक ,जय मां दुर्गा उत्सव समिति ,मां विद्या सरस्वती उत्सव समिति एवं जय मां शारदा शीतला माता मंदिर पहुंच मार्ग पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। गौरतलब हो कि इस सफाई व्यवस्था अभियान में स्वच्छता कर्मियों के बीच राजेश गुप्ता चंपू स्वंय हाथ में झाड़ू लिए बीना कुछ कहे,अपना परिचय दिए बीना ही क्षेत्र के आसपास जहां गंदगी और साफसफाई का अभाव होता है वहां पर लोगों से बीना कुछ कहे हाथ में झाड़ू लिए कठिन परिश्रम करते नजर आते हैं।जब लोगों को मालूम पड़ता है कि यह जो व्यक्ति हमारे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को ठीक करने में जूटा इंसान कोई सफाई कामगार नहीं यह तो इंदिरा नगर का पार्षद राजेश गुप्ता चंपू है तो जनमानस अपना संकोच छोड़ पार्षद राजेश गुप्ता के साथ सफाई व्यवस्था में जी जान से जूट जातें हैं जो कि तारीफें काबिल होती।

## बहादुर कलारिन सम्मान, वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी स्मृति पुरस्कार, मिनीमाता सम्मान हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2024 हेतु बहादुर कलारिन सम्मान, वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी स्मृति पुरस्कार, मिनीमाता सम्माान हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। सम्मान प्राप्त करने हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव में प्रस्ताव प्रेषित कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

उल्लेखनी है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रतिवर्ष महिलाओं के उत्पीडन् के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रोत्साहित करने बहादुर कलारिन सम्मान एवं महिलाओं विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस व महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी स्मृति पुरस्कार तथा महिलाओं, विशेषरूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की एक महिला व अशासकीय संस्था को मिनीमाता सम्मान दिया जाता है।

## धर्म समाचार....

# विजयादशमीं पर्व आज



### ब्रह्मा जी ने रावण को अमरता का वरदान देने से मना किया तो उसने चतुराई से मांगा था वरदान



शनिवार, 12 अक्टूबर को दशहरा है। त्रेतायुग में आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर श्रीराम ने रावण का वध किया था। रावण को बुराइयों का प्रतीक माना जाता है। रावण बहुत शक्तिशाली, चतुर और अहंकारी था, इस वजह से ब्रह्मा जी से वरदान मांगते समय भी उसने चतुराई दिखाई थी। रावण की इसी चतुराई की वजह से भगवान विष्णु को राम के रूप में मानव जन्म लेना पड़ा था। पढ़िए पूरी कथा... रावण, कुंभकर्ण और विभीषण तीनों भाई कठोर तप कर रहे थे, तीनों ब्रह्मा जी को प्रसन्न करके मनचाहे वरदान पाना चाहते थे। तीनों की कठोर तपस्या से ब्रह्मा प्रसन्न हो गए और इन तीनों असुरों के सामने प्रकट हुए। ब्रह्मा जी ने तीनों से वरदान मांगने के लिए कहा। सबसे पहले ब्रह्मा जी ने रावण से उसकी इच्छा पूछी। रावण ने ब्रह्मा जी से अमर होने का वरदान मांगा, लेकिन ब्रह्मा जी ने इसके लिए मना कर दिया और कहा कि ये सृष्टि के नियमों के विरुद्ध है, जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु जरूर होगी। तुम अमरता के अलावा कोई और वरदान मांग सकते हो। इसके बाद रावण ने सोच-विचार किया। वह खुद को सबसे शक्तिशाली समझता था। उसे लगता था कि कोई मनुष्य और वानर उसे मार नहीं सकेगा। इसलिए उसने ब्रह्मा जी से कहा कि आप मुझे वरदान दीजिए कि मुझे नर और वानर को छोड़कर कोई और न मार सके। ब्रह्मा जी ने रावण को ये वरदान दे दिया। इसी वरदान की वजह से भगवान विष्णु को सामान्य मानव के रूप में राम अवतार लेना पड़ा। बाद में राम ने वानरों की मदद से रावण का अंत कर दिया। कुंभकर्ण से जुड़ी कई कथाएं हैं। कुंभकर्ण को देखकर ब्रह्मा जी ने सोचा कि इसकी वजह से सृष्टि का पूरा भोजन खत्म हो जाएगा। ब्रह्मा जी ने देवी सरस्वती से निवेदन किया कि वे कुंभकर्ण की बुद्धि पलद दें। देवी ने कुंभकर्ण की बुद्धि पलट दी और उसने वरदान में 6-6 माह सोने का वरदान मांग लिया। इसके बाद कुंभकर्ण 6 माह सोता था और फिर जागकर भोजन करके फिर से सो जाता था। इस तरह कुंभकर्ण 6 माह में केवल एक बार ही भोजन कर पाता था। अंत में ब्रह्मा जी विभीषण के पास पहुंचे तो विभीषण ने भगवान की सेवा करने का वरदान मांगा। इसी वरदान की वजह से हनुमान जी ने विभीषण की मित्रता श्रीराम से करवाई थी।

### क्यों दशहरा पर नीलकंठ को देखना माना जाता है शुभ? यहां जानें धार्मिक मान्यता




सनातन धर्म में आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर भगवान श्रीराम की पूजा की जाती है। इस शुभ तिथि पर भगवान राम ने रावण का वध किया था। आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर शमी और अपराजिता पूजा भी की जाती है। शमी पेड़ की पूजा करने से साधक को शत्रु पर विजयश्री प्राप्त होती है। शारदीय नवरात्र का समापन आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को होता है। इस शुभ अवसर पर विजयादशमी एवं दशहरा मनाया जाता है। शारदीय नवरात्र आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक मनाया जाता है। इन नौ दिनों में ममतामयी मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त नवरात्र का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। लेकिन क्या आपको पता है कि क्यों दशहरा के शुभ अवसर पर नीलकंठ सनातन शास्त्रों में निहित है कि आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को भगवान श्रीराम और दशानन रावण के मध्य चल रहे युद्ध का अंत हुआ था। दशहरा के दिन पर भगवान श्रीराम ने दशानन रावण का वध किया था। इससे पूर्व भगवान श्रीराम ने शमी पेड़ की पूजा की थी। साथ ही शमी के पत्ते को स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया था। इस उपलक्ष्य पर अयोध्या में विजय पर्व दशहरा मनाया गया था। तत्कालीन समय से हर वर्ष शारदीय नवरात्र के अगले दिन दशहरा मनाया जाता है। इसी दिन जगत की देवी मां दुर्गा ने महिषासुर का भी वध किया था। इसके लिए आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी के दिन विजयादशमी और दशहरा मनाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि रावण वध के चलते भगवान राम को ब्रह्म हत्या का दोष लगा था। इस दोष से मुक्ति पाने के लिए भगवान श्रीराम ने शिवजी की कठिन तपस्या की थी। भगवान राम की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी ने नीलकंठ रूप में दर्शन दिए थे। उस समय भगवान श्रीराम को ब्रह्म हत्या दोष से मुक्ति मिली थी।

nandgaon times oct-12--003.qxd 10/12/2024 12:01 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स
खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...
क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...
स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# रास गरबा उत्सव में सम्मानित हुए समाजसेवी

# रंगारंग समापन के साथ पुरस्कृत हुए प्रतिभागी

## पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित सपरिवार शामिल हुए अधिकारी गण





**राजनांदगांव.** समाज के अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवियों को राज गरबा उत्सव में उनके श्रेष्ठ कामों के लिए सम्मानित किया गया है. उत्सव के अंतिम दिन बंगाली थीम पर आयोजित राज गरबा स्पर्धा की जबरदस्त धूम रही. कार्यक्रम के अंतिम दौर तक दर्शकों ने रास गरबा का आनंद लिया. वहीं रंगारंग समापन के साथ आयोजन में हिस्सा लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है.

श्री राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा श्री कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में ऑडिटोरियम में आयोजित चार दिवसीय रास गरबा उत्सव का गुरुवार देर रात रंगारंग समापन हुआ. आयोजन की शुरुआत में सर्वप्रथम पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को राजपूताना शौर्य के प्रतीक साफा और तलवार देकर श्री राष्ट्रीय करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने स्वागत किया. इसके बाद बंगाली थीम पर आयोजित रास गरबा स्पर्धा का आयोजन किया गया. जिसमें रोहिणी देशमुख, जया पटेल, लक्ष्य शर्मा, मोनिका ठाकुर, शारदा अग्रवाल, सार्थक अम्बादे, ईशानी शर्मा, शौर्य सोनी, रतिका सोनी, धर्मेन्द साहू, सुप्रिया, लक्ष्मी वासनिक, विश्रुति मिश्रा, अल्का राजपूत, स्वान्जिल सिंह, प्रमय सोनी ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी.

### अंतिम दिन बंगाली थीम पर रास गरबा की रही धूम


चार दिन तक चले इस गरबा उत्सव में अलग-अलग थीम पर आयोजित स्पर्धा में विजेता रहे प्रतिभागियों को श्रीमती दीपाली झा, निकिता अग्रवाल, जागृति गर्ग, शीतल बंसल ने अपने हाथों से पुरस्कृत किया.

**राजपूत ने देश को जोड़ा : अभिषेक सिंह**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि राजपूत समाज ने हमेशा समाज के हितों में काम किया है समाज ने देश को जोड़ने में कभी भी कोई कसर नहीं छोड़ी इतिहास से लेकर आज तक राजपूत समाज केवल सामाजिक हितों के लिए ही काम करता आ रहा है उन्होंने राजनांदगांव की छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा की महिला इकाई को भी समाज सेवा के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सम्मानित किया और उनके कामों की सराहना भी की. इस अवसर पर राजनांदगांव कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, विनोद गोस्वामी, अशोक पांडे, अशोक जैन, विजय बहादुर सिंह, अजय सोनी, सूरज यदु, नीरा साहू, विजेता यदु , पुष्पेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कृष्णा समिति और दुर्गा समिति का विशेष योगदान रहा. कार्यक्रम का सफल संचालन शरद श्रीवास्तव ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया है.

## भेड़ीकला में 13 को विशाल भंडारा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर से लगे ग्राम भेड़ीकला मे युवा सरस्वती उत्सव समिति प्रज्ञा चौक मे 13 अक्टूबर को विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। समिति के व्यवस्थापक कृष्णा साहू एवं ज्ञनेश देवांगन एवं समस्त सदस्यों ने माता के भक्तों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर मातारानी का प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।




## महापौर ने नगरवासियों को दी विजयादशमी पर्व की बधाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नागरिकों को विजयादशमी पर्व पर अपनी अनन्य शुभकामनाएं देते हुये कहा कि यह पर्व मानव मात्र को लोक कल्याण की भावना से जुडने की प्रेरणा देता है । महापौर श्रीमती देशमुख ने नागरिकों को भारतीय संस्कृति से जुड़े विजयादशमी,दशहरा पर्व की बधाई देते हुए इस पर्व को परंपरागत रूप से मनाने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है । इस दिन शमीपूजन का भी विशेष महत्व है और यह पर्व वर्षा ऋतु की समाप्ति और शरद ऋतु के आरंभ का सूचक है। निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा,श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, अमीन हुद्दा, वरिष्ठ सभापति श्री अब्दुल समद खान, कनिष्ट सभापति श्री गामेन्द्र नेताम,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री एवं पार्षदों ने नागरिकों को इस प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुये बुराई का त्याग कर भगवान राम के आदर्शो पर चलने की अपील की है।



## विजयादशमी पर आज राजा आर्यव्रत की शाही सवारी निकलेगी

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** रियासत कालीन परंपरा के अनुसार खैरागढ़ राजघराने के व्दारा इस वर्ष भी विजयादशमी का गौरवशाली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।इस अवसर पर खैरागढ़ रियासत के राजा आर्यव्रत सिंह शाही बग्घी में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे, नगर भ्रमण के पश्चात राम - लक्ष्मण के व्दारा राजा फत्तेह सिंह खेल मैदान में भव्य रंग बिरंगी आतिशबाजी के बीच रावण का दहन किया जाएगा।विजयादशमी पर्व पर आज शनिवार 12 अक्टूबर को राजा आर्यव्रत सिंह शाम 5 बजे से कमल विलास पैलेस के समीप रानी रश्मि देवी नगर में जनता-जनार्दन से भेंट मुलाकात करेंगे।। उसके बाद शाम 6 बजे दुर्गा चौक सिविल में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के पश्चात् शाही सवारी नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी,जो मेन रोड, अंबेडकर चौक, संगीत विश्वविद्यालय प्रांगण होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचेगी, जहां माता रानी की पूजा-अर्चना कर राज फैमिली, हास्पिटल चौक, मस्जिद चौक, गोलबाजार, बक्शी मार्ग, इतवारी बाजार, किल्ला पारा,तुरकारी पारा,पुराना बस स्टैंड,नया बस स्टैंड होते हुए राजा फत्तेह सिंह खेल मैदान पहुंचेगी जहां रंग बिरंगी भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जाएगा।। रावण दहन के तत्पश्चात छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर मयारू का आयोजन किया जाएगा।।आप सभी क्षेत्रवासी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होवे।



## असत्य पर सत्य की जीत के पर्व रावण वध कर मनाया जाएगा दशहरा पर्व - हफीज खान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज शाम 07.00 बजे गौरीनगर स्कुल मैदान में कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा दशहरा पर्व हजारों की संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक परम्परा अनुसार मनायेगें। गौरीनगर स्कुल मैदान विगत 19 वर्षो से धार्मिक परम्परा अनुसार असत्य पर सत्य की जीत बताते हुये दशहरे का पर्व भव्य आतिशबाजी के साथ मनाया जाएगा आतिशबाज़ी में अहमद रज़ा ताहिर की प्रस्तुती नागरिकों देखने मिलेगी। अध्यक्ष श्री खान ने बताया कि प्रतिभावान छात्रछात्राओं एवम उत्कृष्ठ खिलाड़ियों व सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए अपने योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों ने अच्छी मेहनत कर कार्यक्रम का आयोजन किया है, कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष हफीज खान ने समस्त नागरिकों से अपील की है, कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये। यह जानकारी समिति के प्रचार प्रसार प्रभारी हेमन्त प्रताप सिंह ने दी।

## भाजपाई सदस्य कर रहा खुलेआम मुरुम चोरी बिना रायल्टी के अवैध रूप से...

### डोंगरगांव क्षेत्र के जारवाही, मारगांव , गिरगांव, मनेरी में जेसीबी मशीन लगाकर दिन रात उत्खनन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव के एक भाजपाई द्वारा ग्राम पंचायत जारवाही स्थित सरकारी जमीन पर जेसीबी मशीन लगाकर दिन रात मुरूम चोरी का मामला सामने आया है। यहां से रोजाना हाईवा में भरकर मुरूम की सप्लाई की जा रही है, किंतु यह सब राजस्व विभाग और खनिज विभाग को नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में साठगांठ की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत जारवाही में मुरूम चोरी का काम भाजपा के ही क्षेत्र के सदस्य का नाम सामने आ रहा । पहले रूक-रूककर किया जा रहा था, ताकि किसी को पता न चलने पाए। उस बीच ग्राम के लोगों द्वारा बैठक लेकर मुरूम के अवैध उत्खनन के लिए मना कर दिया गया था। उसके कुछ समय बाद उसी व्यक्ति द्वारा पुन: जेसीबी के माध्यम से मुरूम उत्खनन और सप्लाई का काम शुरू कर दिया गया राजनांदगांव की सीमा की ओर। जब ग्राम सरपंच द्वारा उसे रोका भी गया, किंतु भाजपा के सदस्य ने सत्ता सरकार होने का धौंस दिखाकर सरपंच को भी डरा-धमकाकर चुप करा दिया। उसके बाद पिछले चार-पांच दिनों से ग्राम जारवाही में मारगांव जाने वाले मार्ग पर सरकारी मैदानी जमीन पर जेसीबी लगाकर मुरूम का अवैध उत्खनन और हाईवा से परिवहन किया जा रहा है। दरअसल यह वही जगह है, जहां पर अच्छी क्वालिटी की मुरूम उपलब्ध है, जिस पर क्षेत्र के खनिज माफियाओं की नजर हमेशा रहती आई है। सूत्रों के अनुसार जारवाही से अवैध रूप से निकाली जा रही मुरूम की सप्लाई राजनांदगांव के रेवाडीह और पेंड्री क्षेत्र में की जा रही है। ऐसे में मुरूम के अवैध परिवहन में लगे हाइवा व अन्य वाहनों को राजस्व और खनिज विभाग चाहे तो जब कभी पकड ?र कार्यवाही कर सकता है, लेकिन दोनों विभाग के अफसर आंख मूंदे बैठे है, जिससे मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि डोंगरगांव निवासी द्वारा इसके पहले भी जारवाही सहित आसपास के गांव जैसे गिरगांव, मारगांव, गनेरी, मनेरी सहित कई जगहों से मुरूम का अवैध उत्खनन किया जाता रहा है और सदस्य होने का दंभ भरकर अधिकारियों को लाल आंख दिखाते आ रहा है। बताया जाता है कि अध्यक्ष से करीबी संबंध होने का भी उसके द्वारा फायदा उठाया जा रहा है। बहरहाल डोंगरगांव एसडीएम और जिला खनिज विभाग को चाहिए कि सरकारी जमीन पर मुरूम का अवैध उत्खनन कर रायल्टी चोरी करने वाले ऐसे लोगों पर नकेल कसे और अवैध परिवहन में लगे वाहनों की जप्ती कर राजसात करने की कार्यवाही करे, ताकि फिर कोई दोबारा इस तरह के अवैध कार्यों को अंजाम देने की हिमाकत न करने पाए।





**क्या कहते हैं डोंगरगांव विधानसभा के विधायक दलेश्वर साहू -**

दलेश्वर साहू ने कहा कि इस तरीके से जो भी अवैध उत्खनन कर रहा है उसे एक तरफतो छत्तीसगढ़ की सरकार सुशासन की दुहाई देती है वही भाजपा सदस्यों के द्वारा बिना रॉयल्टी के डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने वालों के ऊपर कार्यवाही नहीं होने से हिम्मत मिल रही है।जिला प्रशासन को तत्काल ऐसे लोगों के ऊपर कार्रवाई करनी चाहिए और कार्रवाई क्यों जेल भी भेजना चाहिए ऐसे लोगों को नियम से।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com